मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.co.in E-mail : eanugya@gmail.com Tel: 0755-2553429

क्रमांक/बी–5/2/ई–अनुज्ञा (ऑ.ला.)/2019–20/1210 भोपाल दिनांक 14 अगस्त 2019
प्रति,

(01) संयुक्त संचालक/उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल/इंदौर/उज्जैन/ग्वालियर/सागर/जबलपुर/रीवा (म0प्र0)

(02) सचिव,
कृषि उपज मण्डी समिति,
समस्त जिला समस्त (म0प्र0)

विषयः–प्रदेश की मण्डी समितियों में दैनिक क्रियाकलापों के अंतर्गत पाक्षिक विवरण, भुगतान पत्रक, प्रदेश के बाहर से आयतित कृषि उपज एवं बिलों के आधार पर व्यापारी द्वारा छोटी छोटी मात्रा में विक्रय उपज की प्रविष्टि के संबंध में।

संदर्भः–कार्यालयीन पत्र क्रमांक बी–5/2/ई–अनुज्ञा (ऑ.ला.)/2019–20/1188–1189 दिनांक 05 अगस्त 2019 एवं स्मरण पत्र क्रमांक 1196–1197 दिनांक 08 अगस्त 2019।

–0–

उल्लेखित विषय में आप अवगत ही हैं कि दिनांक 16 अगस्त 2019 से प्रदेश की समस्त 257 कृषि उपज मण्डी समितियों में एक साथ ई–अनुज्ञा पोर्टल का क्रियान्वयन किया जाना आरम्भ किया जा रहा है। जिसमें शतप्रतिशत ई–अनुज्ञा जारी किये जायेंगे।

2/ उल्लेखित विषय में संदर्भित पत्र से दिये गये विस्तृत निर्देशों का अवलोकन करें जिसके परिपालन में अंचल की मण्डी समितियों में दिनांक 01 अगस्त 2019 से दिनांक 15 अगस्त 2019 तक की अवधि की पाक्षिकी विवरण पत्रक की प्रविष्टि दिनांक 16 अगस्त 2019 से अनिवार्य रुप से दर्ज करावें साथ ही दिनांक 16 अगस्त 2019 से भुगतान पत्रकों की प्रविष्टि भी प्रतिदिन करायें।

3/ दिनांक 01 अगस्त 2019 से 15 अगस्त 2019 की अवधि की पाक्षिकी विवरण पत्रक व दिनांक 16 अगस्त 2019 से प्रतिदिन प्रविष्ट भुगतान पत्रक के डाटा अनुसार ही दिनांक 16 अगस्त 2019 से अनुज्ञा पत्र जारी किये जा सकेंगे।

दिनांक 16 अगस्त 2019 से प्रविष्ट किये जाने वाले भुगतान पत्रकों हेतु कृषक विक्रेता का नाम, पता एवं मोबाईल नंबर अनिवार्य रुप से प्राप्त कर भुगतान पत्रकों पर अंकित करावें। साथ ही यह प्रविष्टि कराने हेतु व्यापारियों को इसकी सूचना अनिवार्य रुप से देवें।

(डॉ. केदार सिंह)
अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बी–5/2/ई–अनुज्ञा (ऑ.ला.)/2019–20/1211 भोपाल दिनांक 14 अगस्त 2019

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(01) अपर संचालक (समस्त), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(02) श्री ए0एन0सिद्धीकी, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

(03) श्री मुशर्रफ सुल्तान, तकनीकी निदेशक, भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

(04) संयुक्त संचालक (नियमन)/उप संचालक (वित्त/आडिट), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल